हम किसी से कम नहीं

गायन प्रतियोगिता हेतु दिशानिर्देश

पात्रता:

यह एक राष्ट्रीय आभासी गायन प्रतियोगिता है अतः पंजीकरण संस्था के सभी (अधिकार पत्र धारक) इकाई नेताओं। (ऑनरेबेल चार्ज प्राप्त) प्रशिक्षक/भारत स्काउट्स एवं गाइड्स मुख्यालय स्टॉफ (जिनके पास परिचय पत्र/राष्ट्रीय/राज्य प्राधिकारी का पत्र हो) पदाधिकारी (वारंट धारक) के लिये खुला है। राष्ट्रीय मुख्यालय को प्रतिभागिता को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार है। क्योंकि हम सभी देशव्यापी तालाबंदी के अधीन हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला या राज्य की स्वीकृति आवश्यक नहीं है।

1. प्रतिभागियों की उम्र 35 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
2. भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के इकाई नेता/प्रशिक्षक/पदाधिकारी/राष्ट्रीय मुख्यालय स्टॉफ इसमें प्रतिभाग कर सकते हैं।
3. प्रतिभागियों के पास अच्छा इन्टरनेट कनेक्शन होना चाहिए।
4. संचार हेतु वैध आईडी प्रूफ एवं सम्पर्क सूचनायें जैसे ईमेल आईडी एवं व्हाटसएप नम्बर उपलब्ध कराने होंगे।
5. पंजीकरण की अन्तिम तिथि 18 जून, 2020 है।

सही प्रारूप में वैध दस्तावेजों जैसे कि फोटो/वारंट/ऑनरेबेल चार्ज/परिचय पत्र/पंजीकरण फार्म आदि अपलोड करते समय फोटो फाइल को "अपने नाम अण्डर स्कोर राज्य का नाम" रीनेम कर जेपीजी फार्मेट में अपलोड करें जैसे कि **"संगम पश्चिम बंगाल"** जिसका आकार 1एमबी से अधिक न हो के प्राप्त होने पर ही आपके पंजीकरण पर विचार किया जायेगा।

समग्र दिशानिर्देश:

1. प्रतिभागियों को अपनी संस्था का प्रतिनिधित्व करते समय कम से कम स्कार्फ पहना आवश्यक है। पूर्ण गणवेष में होना एक आदर्श होगा।
2. स्व–रचित गीत एक अतिरिक्त विलक्षणता होगी।
3. प्रतिभागियों के पास कम से कम 1जीबी डाटा के साथ अच्छा इन्टरनेट कनेक"ान होना चाहिए। क्योंकि राउण्ड दो से प्रतियोगिता लाइव होगी।
4. सभी प्रतिभागियों एवं निर्णायकों को लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान ध्यान भंग होने से बचना होगा।

राउंड–1: "मेरी पसंद"

इस राउण्ड को पास करने हेतु अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपनी पसंद का एक गीत गाये। गीत आपकी पसंद का किसी भी भाषा में हो सकता है।

यह ऑफ स्क्रीन ऑडिशन राउण्ड है और आपको वीडियो अपलोड करने हेतु एक लिंक भेजा जायेगा। अपलोड किये गये वीडियो के आधार पर निर्णय होगा।

तकनीकी दिशानिर्देशः

1. वीडियो की अवधि अधिकतम चार मिनट होनी चाहिए जिसमें एक मिनट स्व–परिचय (नाम, स्काउटिंग/गाइडिंग योग्यता, ग्रुप और राज्य जिससे वे सम्बन्ध रखते हैं) हेतु एवं तीन मिनट गीत की प्रस्तुति के लिये होंगे।
2. फाईल का साइज 50एमबी साथ में 640x480 पिक्सल का फ्रेम एवं एमपी 4 में होना चाहिए।
3. **वीडियो फाईल का नाम एवं आपके नाम _____राज्य का नाम होना चाहिए।**

क्वॉटर फाइनलः दिल की आवाज

एक ऐसा व्यक्ति जो आपकी जिंदगी में आपके दिल के करीब हो उसे समर्पित करने हेतु एक गीत गायें। गीत आपकी पसन्द का किसी भी भाषा में हो सकता है। आपके रीजन से प्रथम राउंड में चयनित हुए प्रतिभागी इसमें भाग लेंगे। यह ऑनस्क्रीन राउंड है जिसमें निर्णायक लोग आपका लाइव निर्णय करेंग अतः आपके पास अच्छा एवं आवेष्ट विशदता वाला इंटरनैट होना चाहिए।

क्षेत्रीय स्तर पर लाइव निर्णय होगा इसे बीएसजी यूट्यूब पर प्रसारित किया जायेगा।

सैमी–फाइनलः सुहाना सफर

अपने समय की वालीबुड फिल्म का अपना पसंदीदा हिन्दी गीत गायें। पसंदीदा गीत रोमांटिक/देशभक्ति या अपनी पसन्द का कोई अन्य गीत लेकिन **केवल हिन्दी भाषा में ही होना चाहिए**। यह एक ऑनस्क्रीन राउंड है जहॉ निर्णायकों द्वारा लाइब निर्णय किया जायेगा अतः आपके पास अच्छा एवं आवेष्ट विशदता वाला इंटरनैट होना चाहिए। निर्णय राष्ट्रीय स्तर पर होगा एवं इसे बीएसजी यूट्यूव चैनल पर प्रसारित किया जाएगा।

फाइनलः जीना इसी का नाम है।

कोविड योद्धाओं को अपनी श्रद्धांजलि देने हेतु एक देशभक्ति गीत या कोविड–19 में जीवन जीने के तरीके जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री मोदीजी ने कहा था “जान भी हो और जहॅान भी रहे” का प्रतिनिधित्व करने वाला गीत एक गीत गाएं।यह एक ऑनस्क्रीन राउंड है जहॉ निर्णायकों द्वारा लाइब निर्णय किया जायेगा अतः आपके पास अच्छा एवं आवेष्ट विशदता वाला इंटरनैट होना चाहिए। निर्णय राष्ट्रीय स्तर पर होगा एवं इसे बीएसजी यूट्यूव चैनल पर प्रसारित किया जाएगा।